तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर 2024

14 धनतेरस पर बजी दीपावली की शहनाई, बच्चों की...



14 हरदीभाठा के युवाओं ने श्रीराम सेना व हिंदू संगठन...





दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के
अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361

## खबर संक्षेप

### टोकरो में मातर उत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम 1 को

**नवापारा-राजिम।** ग्राम टोकरो में शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों के तत्वावधान में मातर उत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया है, जिसमें 1 नवंबर को प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, सेवानिवृत कर्मचारियों व नवनियुक्त कर्मचारियों का सम्मान व संध्याकालीन राग-रागिनी सुवा कार्यक्रम भोरिंग महासमुंद का रखा गया है। गोपेंद्र साहू ने बताया कि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं 3 नवंबर को मातर में अखाड़ा का कार्यक्रम होगा।

### शास्त्रों के अनुसार दिवाली पूजन 31 अक्टूबर को करें

**मैनपुर।** सनातन धर्म के अनुसार किसी भी धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन की तिथि और विधि का निर्धारण वेद, स्मृति और पुराणों के आधार पर किया जाता है। इन शास्त्रों में स्पष्ट रूप से त्योहारों की तिथियां और उनके पालन की विधियां बताई गई हैं। विशेष रूप से दीपावली जैसे पर्वों के संदर्भ में स्कंद पुराण, जो कि सनातन धर्म के प्रमुख पुराणों में से एक है, दीपावली के पूजन का सही समय बताता है। ज्योतिषाचार्य नंदकिशोर जी महाराज ने बताया स्कंद पुराण के वैष्णव खंड, कार्तिक महात्म्य के अध्याय 9, 10 और 11 में स्वयं भगवान ब्रह्माजी ने दीपावली पूजन के लिए त्रयोदशी, चतुर्दशी और अमावस्या के संगव काल (संधि काल) को श्रेष्ठ समय बताया है। इस संगव काल में लक्ष्मी पूजन से अधिकतम लाभ और समृद्धि प्राप्त होती है। इस वर्ष दीपावली 31 अक्टूबर को है याने गुरुवार मनाया जाना है। कल दुर्लभ शिववास और प्रीति योग में दिवाली मनाई जाएगी। कुछ लोग तिथि को लेकर कन्फ्यूज हो रहे हैं कि इस वर्ष दिवाली 31 अक्टूबर को मनाएँ यह 01 नवम्बर को लेकिन किसी को भी कन्फ्यूज नहीं होना है शास्त्रों के अनुसार दीपावली मनाने का उत्तम मुहूर्त 31 अक्टूबर को है शास्त्र अनुसार दीपावली की तिथि के निर्णय के लिए मुख्य काल प्रदोष में अमावस्या का होना आवश्यक देश के किसी भी भाग में एक नवंबर को पूर्ण प्रदोष काल में अमावस्या नहीं, इसलिए एक नवंबर को दीपावली मनाना शास्त्रोचित नहीं धर्मशास्त्रों का पूर्वापर संबंध स्थापित करते हुए अध्ययन नहीं करने से भ्रम हुआ है।



**पर्व:** दूसरे दिन भी बाजार में रही भारी भीड़, जेवरात, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, इलेक्ट्रिनिक्स, मोबाइल सेक्टर में रही ग्राहकों की रुचि

# दो दिन के धनतेरस पर दमका बाजार, लोगों की जमकर खरीदारी से करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

दो दिन मंगलवार व बुधवार को धनतेरस मनाए जाने के कारण आज भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। दो दिन बाजार में भारी भीड़ रही। ऑटोमोबाइल, ज्वेलर्स, कपड़ों, मोबाइल सहित जमीन लेने में काफी रुचि दिखाई दी। अच्छी लेनदारी होने से बाजार दमका रहा और करोड़ों का कारोबार हुआ है।

मंगलवार के बाद दूसरे दिन बुधवार को भी धनतेरस से बाजार दमका रहा, लोगों की बेतहाशा भीड़ रही। कोई भी ऐसी दुकान नहीं थी, जहां पैर रखने की जगह बची हो। राजिम शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से लेकर पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल से लगी हुई रेडिमेड कपड़ों की दुकानो व इंदिरा मार्केट, सदर बाजार, कुम्हार हटरी, सुभाष चौक, मां काली मंदिर-भामाशाह चौक, बस स्टैण्ड, नगर पालिका चौक, शहीद वीर नारायण सिंह चौक, शहीद हेमू कालानी चौक, कृषि ऊपज मंडी चौक से लेकर पूरा गंज मार्ग, पंजवानी चौक हाऊसफुल नजर आया। गाड़ियों के रेलमपेल भीड़ और दुकानों में खरीदारों की लाइन से दीपावली बाजार आबाद रहा। दो दिन की भीड़ ने सारी कसर पूरा कर दिया।





### गुलजार रहा मार्केट

बुधवार को आलम ऐसा था कि नवापारा के सराफा बाजार में पैर रखने को जगह नहीं थी। फसल अभी कटी नहीं है बावजूद इतनी भीड़ और इतना अधिक खरीददारी किया गया है। नवापारा मार्केट है जो करीब पचास गांव के लोगो के लिए बड़ा व्यवसायी केंद्र है। दीपावली एक ऐसा पर्व है कि हर कोई सोने, चांदी के जेवरात खरीदना ही चाहते हैं। नगर के चप्पे-चप्पे में तरह, तरह की सजी हुई दुकानों में सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक भीड़ बनी रही। ज्वेलरी शॉप के अलावा कपड़ा मार्केट, इलेक्ट्रानिक आयटम, सौंदर्य प्रसाधन, मोबाईल शॉप और जनरल स्टोर्स जहां मां लक्ष्मी की फोटो, माला और पूजा के सारे सामान मिलते है।

### दाम बढ़े पर सोना व जेवरात खूब बिके

सुबह 10-11 बजे से लेकर देर शाम तक शहर का मेन मार्केट सदर बाजार और गंज मार्ग हाऊसफुल था। लोगों की खरीदारी कपड़ों के अलावा लक्ष्मीजी की पूजन सामग्री के लिए होती रही। सड़क किनारे लगे ढेर सारे दुकानों में आर्टिफिशियल फूल के माला और मां लक्ष्मीजी के फोटो की खूब मांग रही। हर किसी को फोटो लेते देखा गया। इसी तरह रंगोली, पूजा सामान, बताशा, लायचीदाना, लाई, केला, सेव, सिंघाड़ा, शकरकंद, मिठाई सहित मिट्टी के दीये, ग्वालिन, करसा और पटाखा लेने के लिए भी लोगों की बेतहाशा भीड़ लगी हुई थी। मार्केट में आसपास के सैकड़ों गांवों से लोग खरीदारी करने के लिए शहर पहुंचे हुए थे। दो दिनों की भीड़ से सभी दुकानदार खुश नजर आए। नवकार ज्वेलर्स, गुरूदेव ज्वेलर्स, शंकर ज्वेलर्स, सत्यदेव ज्वेलर्स, छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स, पंकज ज्वेलर्स, श्रीराम ज्वेलर्स, महालक्ष्मी ज्वेलर्स, नीलम ज्वेलर्स, प्रियंका ज्वेलर्स, के संचालक ने बताया कि पूरी दीवाली की कसर ग्राहकों ने दो ही दिन में पूरा करके रख दिया।

### आज साप्ताहिक बाजार में रहेगी दिवाली की धूम

**रसेला।** नगर सहित अंचलों में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए लोगों की तैयारियां जोरों पर है। दीपावली पर्व को लेकर रसेला व आसपास के ग्रामीण अंचलों के बाजार सजकर तैया हो चुके हैं। दीपों के पर्व के लिए लोगों ने खरीददारी भी शुरू कर दी है। बाजार में दीपावली से संबंधित सामग्री भी जगह-जगह देखी जा रही है। दीपावली के त्यौहार को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ी है। इस बार रसेला साप्ताहिक बाजार में रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों के साथ अन्य सजावट के सामान ज्यादा नजर आ रहे हैं।

### लोगों ने धनतेरस पर 13 और नरक चौदस पर 14 दीये जलाकर की पूजा

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में धनतेरस और नरक चौदस का पर्व पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया गया। लोगों ने मार्केट में दीपावली पर्व को लेकर खरीददारी की। किसानों के हाथ खाली होने पर बाजार की रौनक फीकी दिखाई दी। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा पर्व दीपावली को लेकर उत्साह का आलम बना हुआ है, लेकिन किसानों के हाथ खाली होने के चलते बाजार में गुलजार वाली कहावत दिखाई नहीं दे रही है। लोगों ने धनतेरस पर्व को लेकर सगुण के रूप में ज्वेलरी दुकानों से जहां खरीदारी की, वहीं पर बर्तन दुकानों में नये पात्र खरीदकर रस्म निभाईं। इसी प्रकार कपड़ा दुकानों, मिठाई, फल, फोटो फ्रेमिंग, इलेक्ट्रानिक और किराना दुकानों में जैसी भीड़ होना चाहिए, वह भीड़ दिखाई नहीं दी। शाम शाम को भीड़ का नजारा अधिक दिखाई दिया। इसी प्रकार फटाका दुकानों में भी अधिक भीड़ दिखाई नहीं दी। लोगों का कहना है कि पर्व को लेकर माता लक्ष्मी की पूजा को लेकर जो सगुण के सामान है, जरूरत के मुताबिक खरीदी की गई है। सरकार द्वारा दिवाली के पहले किसानों की धान खरीदी की जाती तो निश्चित ही पर्व को दूगुना उत्साह से मनाया जाता।



## 200 एकड़ में लहलहा रही मड़िया की फसल

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में फसल परिवर्तन के तहत लगभग 150 –200 एकड़ में रागी (मडिया) की फसल ली जा रही है और फसल इन दिनों लगभग तैयार हो रही है। यह क्षेत्र के आदिवासी ग्रामों में ग्रामीण वर्षो से इस फसल को पारम्परिक तौर से लेते आ रहे हैं। मैनपुर क्षेत्र कुल्हाडीघाट, देवडोगर, गौरमुंड, गरहाडीह, कोयबा, बुडगेलटप्पा, कोकडी, अडगडी क्षेत्र में ग्रामीण किसान अपने खेतों और बाडियों देशी मडिया की फसल ले रहे हैं और इन दिनों मडिया का फसल लगभग पक कर तैयार हो गई है, ग्रामीण सुखराम नागेश, भरत नेताम, सुखराम ने बताया कि कुल्हाडीघाट क्षेत्र में देशी कोकोला मडिया की खेती किसान वर्षों से करते आ रहे हैं इसे अपने परिवार के उपयोग के लिए करते हैं।

▪ ग्रामीण गर्मी के दिनों में इसे लस्सी की तरह डंडा पेय पदार्थ के रूप में करते हैं उपयोग



**ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का गर्मी के दिनों में मडिया है मुख्य आहार :** गर्मी के दिनों में मडिया लोगों का मुख्य आहार के रूप में उपयोग किया जाता है, आधुनिकता के दौर में गर्मी से बचने जहां एक ओर लोग लस्सी तरह–तरह के डंडा पेय पदार्थ का उपयोग कर रहे हैं तो वही दूसरी ओर वनांचल ग्रामीण इलाको में लोग परंपरागत पेय पदार्थ मडिया पेज का सहारा लेते हैं। मडिया पेज से उन्हें गर्मी से तो राहत मिलती है साथ ही यही उनके लिए स्वस्थ वर्धक, शक्तिवर्धक के तरह भी काम करता है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में लोग मेहनत वाले काम करने वाले लोगों की पहली पंसद गर्मी के दिनों में मडिया पेज होती है। इस संबंध में ग्रामीण रामेश्वर ध्रुव, रामप्रसाद नेताम, सुनिल मरकाम, कृष्णा नेताम ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के धान की तरह मडिया की खेती करते हैं।

### क्या कहते हैं कृषि अधिकारी

वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश शाडिल्य ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र में लगभग 200 एकड़ में किसान रागी की फसल ले रहे हैं और इसे ग्रामीण अपने उपयोग के लिए रखते हैं, फसल लगभग तैयार हो चुकी है धान के साथ इसकी कटाई भी करते हैं।

संयुक्त जिला कार्यालय के सामने आधे घंटे किया प्रदर्शन

## हाथियों के आतंक से त्रस्त आदिवासियों का आक्रोश दिखा जिला मुख्यालय में दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में हाथियों के लगातार बढ़ते आतंक से परेशान सैकड़ों आदिवासी, अपने हक और हिफाजत की लड़ाई में एकजुट होकर जिला मुख्यालय पहुंचे। अखिल भारतीय आदिवासी परिषद के बैनर तले जुटे इन आदिवासियों ने हाथियों के हमलों से हो रही जन-धन हानि पर उचित मुआवजे और प्रबंधन की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। जिले में हो रहे नुकसान और भय के माहौल को लेकर आदिवासियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे स्वतंत्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

जिले में हाथियों के आतंक से त्रस्त सैकड़ों आदिवासी, अखिल भारतीय आदिवासी परिषद के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय के सामने लगभग आधे घंटे तक प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। आदिवासियों ने ज्ञापन में हाथियों द्वारा की जा रही जन-धन की हानि पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों को फसल के नुकसान पर प्रति एकड़ 75,000 रुपये का मुआवजा दिया जाए। हाथियों द्वारा किसी व्यक्ति की जान ले लेने पर उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त, घरों पर हमलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की भी मांग की गई है।



### गूगल मैप में भी किया जाए सुधार

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गूगल मैप में गरियाबंद जिले के कई पंचायतों को एकाएक सानाबंड़ा वाइल्डलाइफ सेंचुरी दिखा रहा है, जिससे ग्रामीणों की जमीन पर संकट उत्पन्न हो गया है। आदिवासियों ने इस घोषणा को शीघ्र निरस्त करने का आग्रह किया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं, तो वे स्वतन्त्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। आदिवासियों की मांगें उनके जीवन और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की जा रही है।

|| शुभ मुहूर्त आया ||
हीरो साथ आया
Hero GIFT
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की शुभकामनाओं सहित
राजीवलोचन ऑटोमोबाईल लाये है
उपहार की बौछार





डिस्काउंट ही डिस्काउंट
HF सीरीज में 4500 तक डिस्काउंट*
पैशन प्लस में 3000 तक डिस्काउंट*
करिज्मा 8000 तक डिस्काउंट*
Mavrick में 12000 तक डिस्काउंट*
पैसे धान बेचने के बाद*
कम डाउन पेमेंट ₹ 1999*
12000/-* तक नगद डिस्काउंट पायें
हीरो की प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर पायें हेलमेट और आकर्षक उपहार
राजीवलोचन ऑटोमोबाईल | फिंगेश्वर रोड, राजिम, मो. - 9770000678






















संकलनकर्ता- शेख हसन खान, मैनपुर संवाददाता हरिभूमि, जिला-गरियाबंद, मो. 9179680573










प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें

लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

## लक्ष्मी एजेंसी
चंपारण चौक नवापारा-राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
संबंधित फर्म - सतनाम इंडस्ट्रीज, श्री लक्ष्मी राईस मिल

प्रो. प्रेम सुंदरानी मो. 9826526433
आलोक सुंदरानी मो. 9826433673
बिट्टू - हार्डवेयर (छड़-सीमेंट के विक्रेता) मो. 8109486000

---

लक्ष्मी पूजा-दीपावली पर्व पर समस्त क्षेत्रवासियों, किसानों, व्यापारियों, नगरवासियों को हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

## लक्ष्मी पेड्डी प्रोसेसिंग यूनिट
कुर्रा, नवापारा-राजिम

प्रो. संतोष कुमार सुंदरानी 98264-36241
राकेश सुंदरानी 99770-19241
अंकिता सुंदरानी

---

लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

## श्री श्यामजी राईस मिल
## यश पारबायलिंग यूनिट
नवापारा-राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
मनमोहन-यश अग्रवाल
मो. 9826633304

---


लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

## सागरी एग्रो प्रोडक्ट
प्राईवेट लिमिटेड कुर्रा-नवापारा
## वैभव एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
वैभव अग्रवाल मो.नं. 9826433111
मुकेश अग्रवाल मो.नं. 9826433166

---

लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

शिवम इंडस्ट्रीज कुर्रा | रूद्र इंडस्ट्रीज चौबेबांधा राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता


महेश लालवानी मो. नं. 9826623678


नवीन लालवानी मो. नं. 9926000678


सावन लालवानी मो. नं. 9826766678

---

लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई.. शुभकामनाएं...
सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाली माता लक्ष्मी जी की कृपा आप सभी के ऊपर सदैव बनी रहे

## श्री इंडस्ट्रीज
बकली, राजिम
उच्च कोटि के चांवल निर्माता
प्रो. शुभम कंसारी

---

लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएँ...

## माँ जतमाई ट्रांसपोर्ट
चंपारण चौक, नवापारा - राजिम



अर्जुन सुंदरानी
मो.: 9926800369

---


लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...



गोपेन्द्र कुमार साहू
अध्यक्ष साहू समाज युवा प्रकोष्ठ टोकरो अभनपुर
मो. 9754177794

---

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123













प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य देने वाली देवी मां लक्ष्मी जी सभी के घरों में भरपूर भंडार भरे, यही हमारी कामना


## लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...





## सांई हनुमंत इंडस्ट्रीज | गुरूनानक इंडस्ट्रीज
## हरिओम इंडस्ट्रीज

उच्च कोटि के चावल के निर्माता, नवापारा-राजिम मो.नं. 98268-03444


नानकराम धामेजानी


सुनील धामेजानी


संदीप धामेजानी

## समस्त क्षेत्रवासियों को
# लक्ष्मी पूजा, दीपावली
## की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं



# हरि मोहन क्रेशर
## दुलना (नवापारा)


हरि मोहन साहू


नरेन्द्र साहू (पिंटू)


संजीव साहू

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123


दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
100% BIS Licensed Hallmark Jewellery
जय
छत्तीसगढ़
ज्वेलर्स
तो आईये, बढ़ाएं एक कदम, शुद्धता की ओर
सोने एवं चांदी के आभूषणों की संपूर्ण श्रृंखला
न्यूनतम मेकिंग चार्जेस एवं बेस्ट गोल्ड प्राईज गारंटीड के साथ
सौदा करें शुद्धता, विश्वास एवं सही कीमत का
सिर्फ और सिर्फ हमारे साथ
पुराना नगरपालिका के बाजू, सदर रोड, नवापारा,
मो. 9584643678


दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
आर्टिफिशियल एवं डिजाइनर ज्वेलरी की संपूर्ण रेंज उपलब्ध
कृति
बेन्टेक्स ज्वेलरी
आर्टिफिशियल एवं फैशन ज्वेलरी का शो-रूम
दिखने में सोने से कम नही और खो जाये तो कोई गम नही
गोल्ड कवरिंग ज्वेलरी पर वापसी की गारंटी
कृपया एक बार पधारकर सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें ।
सदर रोड, जैन भवन के पास, नवापारा (राजिम), मो. 9584643678


दीपावली
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. किरण देव
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी (छ.ग.)
रानी पटेल
सदस्य जिला पंचायत रायपुर


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
महानगरों की सभी रेंज उपलब्ध...
विश्वास का प्रतीक शुद्धता हमारी पहचान
916 के गहने उपलब्ध 100% वापसी
100% हालमार्क जेवरों की दुकान
गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी का
भव्य शोरूम
श्री राम ज्वेलर्स
नवापारा सराफा एसोसियेशन
सदस्यता प्रमाण पत्र
रजिस्टर्ड फर्म
श्रीराम ज्वेलर्स
कुछ देते शुद्धता, कुछ देते आधुनिकता
हम देगें आपको दोनों 100% HUID हॉलमार्क
(22K916), (20K83.3) हॉलमार्क ज्वेलरों के विक्रेता
गंज रोड, नवापारा - राजिम
शंकर राजपाल - 98266-33357
संबंधित संस्थान - रामचंद वरंदमल




# धनतेरस पर बजी दीपावली की शहनाई, बच्चों की आतिशबाजी से झलकी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

▪ धनतेरस की साथ दीपावली पर्व का उल्लास व परंपराएं शुरू

जिले में धनतेरस के साथ ही दीपावली का उल्लास व परंपराएं शुरू हो गई है। पूरे शहर में खुशी का माहौल छा गया है। एक ओर घरों में दीयों और रंग-बिरंगी लाइटों से रोशनी की जगमगाहट फैली हुई है, वहीं दूसरी ओर बच्चों के लिए यह त्योहार खुशी और मस्ती का खास मौका बना हुआ है। शाम ढलते ही बच्चों ने हाथों में रंग-बिरंगे फुलझड़ी, चकरी और अनार लेकर आतिशबाजी शुरू कर दी, जिससे आसमान चमचमाते रोशनी के फव्वारों से भर उठा। पटाखों की आवाज और रोशनी से पूरे मोहल्ले में त्योहार की रौनक देखते ही बन रही है। बच्चों की आतिशबाजी में त्योहार की खुशी झलक रही थी। इस बार खासतौर पर पटाखा बाजारों में भी खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। रंग-बिरंगे पटाखों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी हुई है। और बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी अपनी पसंद के पटाखे खरीदने में लगे हैं। साथ ही, धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी का भी एक अलग जोश देखने को मिला। आभूषण की दुकानों से लेकर बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों तक ग्राहकी में इजाफा हुआ है। बाजारों में लोग मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां और अन्य सजावटी वस्तुएं खरीदकर अपने घरों को सजा रहे हैं। दीयों की रोशनी और रंगीन लाइटों से सजी गलियों में दीपावली की असली झलक देखने को मिल रही है, और हर कोई इस त्योहार को अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर मनाने के लिए उत्साहित है। दीपावली का यह आगाज इस बात का संदेश दे रहा है कि रोशनी के इस पर्व पर हर घर में खुशियों की बरसात हो और हर चेहरे पर मुस्कान बिखरे।









## खबर संक्षेप

### रोशनी बनीं सब इंसपेक्टर



**फिंगेश्वर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत टेका निवासी पिता हुमनसिंह ध्रुव की पुत्री रोशनी ध्रुव का चयन सब इंसपेक्टर पद में होने से ग्राम सहित नगर में हर्ष का माहौल है। नगर के फर्शी ठेकेदार शरद चतुर्वेदी ने बताया कि कड़ी मेहनत एवं पक्का इरादा के लक्ष्य को लेकर एवं पिता के बताये गये मार्ग से प्रेरित होकर रोशनी ध्रुव ने सब इंसपेक्टर की परीक्षा पास की है, जो हमारे नगर सहित ग्राम टेका एवं आदिवासी समाज के लिए भी गर्व की बात है और हम सभी के लिए हर्ष का विषय है। हम सभी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। ज्ञात हो कि रोशनी के पिता हुमन सिंह फिंगेश्वर पुलिस थाना में एएस आई के पद पर पूर्व में पदस्थ थे। बधाई देने वाले शरद चतुर्वेदी, तेजराम ध्रुव, हरिशंकर श्रीवास्तव, दीपक पोद्दार, अनिल चंद्राकर, हर नारायण सूर्यवंशी, ईमरान खान, नेमीचंद बंजारे, के सी प्रजापति, महेन्द्र यदु आदि शामिल है।

### घर-घर संजने लगी रंगोली



**मैनपुर।** दीपावली पर्व के चलते लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। घरों के आंगन में रंगोली सजाने के साथ ही दीप जलाकर आंगन को रोशनी किया जा रहा है।

### सुरसाबांधा में कृष्ण लीला होगी आज से

**सुरसाबांधा।** दीपावली के शुभ अवसर पर ग्राम सुरसाबांधा में बाल समाज लीला मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में रात्रिकालिन त्रिदिवसीय श्री कृष्ण लीला का मंचन 31 अक्टूबर से गांधी चौक में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के निर्देशक नंदकुमार साहू ने बताया कि वर्षों से लुप्त हो चुके विरासत में मिले श्री कृष्ण लीला को ग्राम के ही कुछ लोगों ने पुनः जीवंत रूप में पेश करने का निर्णय लिया है । नवगठित बाल समाज लीला मंडली का गठन किया गया है। जिसमें मालिक गौतम साहू उपसरपंच सुरसाबांधा व मैनेजर गिरवर साहू को बनाया गया है। मदनलाल साहू सेवानिवृत शिक्षक, अश्वनी कुमार साहू, चन्द्रिका प्रसाद सेन, शिक्षक द्वय मानिक राम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू , खुबलाल साहू, अनंदा नगारची अगुवाई करेंगे । वहीं 31 अक्टूबर को श्री कृष्ण जन्म, 1 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## निधन

### श्रवण वर्मा



**सुरसाबांधा।** परतेवा निवासी श्रवण वर्मा उम्र 78 का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया । वे प्रहलाद वर्मा एवं पुरुषोत्तम वर्मा के पिता थे। अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया । परिजनों सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## युवाओं द्वारा प्रत्येक सप्ताह अभियान चलाकर दिया जाता है सफाई का संदेश

# हरदीभाठा के युवाओं ने श्रीराम सेना व हिंदू संगठन के साथ मिलकर गांव की सफाई का उठाया बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

▪ ग्रामवासियों भी कर रहे सहयोग, मिल रहा लाभ

ग्राम पंचायत हरदीभाठा के युवाओं ने श्रीराम सेना हिंदू संगठन के साथ पिछले दो महीने से गांव की स्वच्छता और धार्मिक कार्यों में सहयोग की भावना के साथ स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। अभियान के तहत गांव के विभिन्न हिस्सों में फैले कचरे और गंदगी को साफ करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे न केवल गांव स्वच्छ बन रहा है बल्कि गांववासियों का स्वास्थ्य भी सुरक्षित हो रहा है। कार्य कर लोगों को स्वच्छता का संदेश भी दे रहे हैं। हरदीभाठा में युवाओं द्वारा गठित श्री रामसेना हिन्दू संगठन धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जाना जाता है। युवाओं के सामाजिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान व ग्राम को स्वच्छ सुन्दर बनाने के लक्ष्य को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

सप्ताह में एक दिन श्रीरामसेना हिन्दू संगठन के युवा प्रतिनिधि गांव का चक्कर लगाकर साफ सफाई करते हैं। नियमित साफ सफाई का निरीक्षण करते हैं। अगर कहीं कोई कमी आ रही है तो उसे दूर किया जाता है। हर हफ्ते रविवार को गांव के युवा साथी मिलकर प्रमुख स्थानों, तालाब, सड़क किनारे, और अन्य सार्वजनिक जगहों पर जाकर सफाई करते हैं। इस कार्य के लिए सभी ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील करते हैं। गांव के बुजुर्ग और सरपंच सभी मिलकर युवाओं को इस नेक कार्य के लिए हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन दे रहे हैं। गांव की महिलाओं ने भी सफाई के इस कार्य में रुचि दिखाते हुए अपने घरों और आस–पास के इलाकों में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया है। गांव में साफ–सफाई के अभाव में मलेरिया, डेंगू, और अन्य बीमारियों का खतरा बना रहता था, लेकिन युवाओं के इस कदम से गांव में अब गंदगी और बीमारियों का खतरा कम होने की संभावना है। इन युवाओं ने गांव में जगह–जगह कूड़ा डालने पर रोक लगाने के साथ–साथ सभी को इसके लिए जागरूक करने का भी काम किया है। ग्रामीणों का मानना है कि इस प्रकार का स्वच्छता अभियान उनके जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकता है।






श्रीराम सेना हिंदू संगठन के तत्वावधान में इस कार्य को आयोजित किया गया है। संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष कोमल साहू, सवितानंद साहू, तिजेश्वर सोनवानी, हरिश यादव, मनोज निर्मलकर, पुष्पेन्द्र पटेल, उमेन्द्र निर्मलकर, नंद किशोर पटेल, भावेश साहू , चन्दशेखर निर्मलकर का कहना है कि गांव में इस प्रकार की पहल सभी युवाओं के जोश को और बढ़ाती है। उन्हें एक सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। युवाओ ने बताया कि उनका उद्देश्य न केवल गांव को स्वच्छ बनाना है, बल्कि इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से सभी में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को भी विकसित करना है।

### युवाओं ने की प्रशासन से सहयोग की अपील

गांव के युवाओं ने इस अभियान के माध्यम से प्रशासन से अपील की है कि वे स्वच्छता के इस अभियान में सहायता करें। यदि ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन इस प्रयास में मदद करें, तो गांव को पूरी तरह से स्वच्छ बनाने का सपना जल्द ही साकार हो सकता है। प्रशासन से कूड़ेदान की व्यवस्था करने, साफ–सफाई के लिए आवश्यक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

## कोलियरी भाजी





मैनपुर। इन दिनों मैनपुर क्षेत्र में कचनार या कोलियरी भाजी इसके फूल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसके कोमल पत्तों को सब्जी बनाने में उपयोग करते हैं।

# कवि सम्मेलन में खूब फूटी हास्य व्यंग्य की फुलझड़ी



**कोपरा।** लोहरसी के महावीर चौक में धन्वंतरि जयंती पर हास्य कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रोतागण देर समय तक बैठकर हास्य व्यंग्य पर ठहाके लगाते रहे। अंतरराष्ट्रीय कवि नूतन लाल साहू के संयोजकत्व में श्रोतागण कविता रस में भींगते रहे तो हास्य की फुलझड़ियां लगातार फूटती रही। हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध काशीपुरी कुंदन के कविताओं पर नजर डालिए- ना दादागिरी में है ना नेतागिरी में है, असली मजा तो यारों, चमचागिरी में है। वाह भाई वाह फेम के कवि एवं संचालक, हास्य कवि बंशीधर मिश्रा द्वारा प्रस्तुत कविता की पंक्ति पर गौर कीजिए- कमल अऊ पंजा से हमको कोई बैर नहीं है, लेकिन दारू का दाम कम नहीं होगा तो खैर नहीं है। युवा शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने गजल की पंक्ति देकर माहौल में चार चांद लगा दी। उन्होंने देशभक्ति पर शानदार पंक्ति पढ़ी। प्रस्तुत है कुछ अंश-सुब्हों करें चाहे शाम करें, मिलकर सारे आवाम करें, यूं तो जलाये कई दीप मगर, इक दिया वतन के नाम करें।

**हास्य व्यग्य में संतोष कुमार ने खुब बटोरी तालियांः** हास्य कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने दीपावली पर कविताएं देखकर खूब तालियां बटोरी पंक्ति देखिए-लक्ष्मी की पूजा हो, कोई न दूजा हो, खुशनुमा फिजा हो, पोशाक का उठन हो, पटाखों का फुटन हो, परंपराओं का चलन हो, तो दीपावली का जन्म हो।

कवि कमलेश कौशिक कठलहा ने छत्तीसगढ़ी में गीत की प्रस्तुति दी और समा बांध दिया।

# वोकल फॉर लोकल का अनुसरण करें आमजन

▪ भाजपा सदस्य ने नगर के कुम्हारपारा में मिट्टी के दीये, मां लक्ष्मी की प्रतिमा की खरीदी की

**नवापारा-राजिम।** युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी विजन वोकल फॉर लोकल का अनुसरण करते हुए दीपावली पर्व के आवश्यक पूजन सामग्रियों की खरीदी नवापारा के लोकल मार्केट से की। नगर के कुम्हारपारा में कुम्हारों से मिट्टी के दीये, मां लक्ष्मी की प्रतिमा, कलश, ग्वालिन आदि के साथ- साथ बताशा, लाई, फूलमाला, कमल फूल आदि की भी खरीददारी की।



इसके साथ-साथ नगर के पटाखा दुकान से देश में ही निर्मित कम जोखिम वाले पटाखे खरीदकर उन्हें आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार के बच्चों को वितरित किया। देवांगन ने नगरवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि केवल पटाखे छुड़ाना ही दीपावली नहीं है, बल्कि लोगों को खुशियां बांटना असली दीपावली है। क्योंकि इस दिन 14 वर्ष के वनवास के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने पर अयोध्यावासी खुश हुए थे। ऐसे में आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को चाहिए कि वे गरीब लोगों की मदद कर उन्हें दीपावली मनाने की खुशियां प्रदान करें। देवांगन ने लोगों से अपील करते हुए कहा, लोग ऑनलाइन शॉपिंग की जगह, स्थानीय व्यापारियों से देश के भीतर निर्मित सामानों की खरीददारी कर प्रधानमंत्री मोदी जी के वोकल फॉर लोकल के विजन को मजबूती कर राष्ट्र की मजबूती में अपना सहयोग प्रदान करें। इससे देश के लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा और वे आर्थिक रूप से संपन्न होंगे, जो विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने में मददगार होगा।

# दीप जलाकर नपं के कर्मचारियों ने मतदाताओं को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचयात के कर्मचारियों द्वारा शहर के मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने के लिये प्रेरित करने जागव वोटर जाबो अभियान के अंतर्गत फिंगेश्वर के शहीद स्मारक चौक पर दीये जला कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है या नये मतदाताओं को नाम जोड़ना है, वह बीएलओं से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य ही जुड़वाये। वोट देना सबका का अधिकार है। आपका एक वोट नगर को विकास की दिशा में ले जाने का माध्यम है। इसलिए अपना नाम हर हाल में मतदाता सूची में दर्ज करावें।











